**Regarding the need of FM Radio Studio in Amethi to benefit artists and farmers**

श्री किशोरी लाल **(**अमेठी**):** सर, मैं अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी की एक समस्या से आपको अवगत कराना चाहता हूं । हमारे यहां वर्ष 2014 में एक एफएम स्टेशन स्थापित हुआ था, लेकिन अभी 2025 तक भी उसमें स्टूडियो नहीं बना है और न ही उसके अंदर स्थानीय कार्यक्रम हो रहे हैं । यह सिर्फ एक रिले केंद्र बन कर रह गया है । मेरा निवेदन है कि यहां पर एक स्टूडियो स्थापित किया जाए, जिससे यहां के कलाकारों को अपनी परफॉर्मेंस वहां पर करने का मौका मिल सके और किसानों को मौसम की प्रॉपर जानकारी मिल सके । धन्यवाद, जय हिंद ।